जनसंपर्क विभाग, अमेरिकी दूतावास

प्रेस समाचार

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011.24198000 एक्सटेंशन: 8827
फैक्स: 011. 24198817 वेबसाइट: http://newdelhi.usembassy.gov

2 दिसंबर, 2009

अफगानिस्तान और पाकिस्तान में आगे बढ़ने के मार्ग में भारत हमारा मुख्य साझीदार

नई दिल्ली -- अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की 1 दिसंबर को अफगानिस्तान और पाकिस्तान में नई अमेरिकी रणनीति की घोषणा के बाद, भारत में अमेरिकी राजदूत टिमोथी जे. रोमर ने कहा, ''अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हमारा मुख्य लक्ष्य-- आतंकी तंत्र को रोकना, नष्ट करना और परास्त करना है। इस आकांक्षा में हम भारत के सहभागी हैं। हमें अपने नागरिक संसाधनों की प्रतिबद्धता में संगठित होना है, और कट्टरवादी हिंसा जो कि शांति, विश्वास, लोकतंत्र, सहिष्णुता, मौलिक स्वतंत्रता तथा मानवाधिकारों की दुश्मन है उसे समाप्त करने के लिए आर्थिक विकास और मानवीय सहायता के लिए साधन उपलब्ध कराने होंगे।''

राष्ट्रपति ओबामा ने अफगानिस्तान के लिए महत्वपूर्ण और निकट सैनिक और नागरिक संसाधनों के सहयोग की घोषणा की है। उन्होंने अफगान नेशनल सिक्यूरिटी फोर्सेस को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का हमें निर्देश दिया है ताकि अफगानी अपने देश का शासन संभालने की दिशा में बढ़ सकें। हम अफगानी लोगों के लिए रोजगार पैदा करने में सहायता कर रहे हैं यह क्रूर कट्टरपंथियों की अपील की अनदेखी करते हुए जोखिमपूर्ण है। दीर्घकालीन सतत् आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के साथ कृषि हमारी सर्वोच्च विकास प्राथमिकता है।

राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के लिए ठोस नागरिक संसाधनों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के लोगों की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने में पाकिस्तानी सरकार की क्षमता बढ़ाने, सतत् आर्थिक वृद्धि सुगम बनाने, तथा आतंकवाद व वैश्विक उग्रवाद जो केवल पाकिस्तान के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके पड़ोसियों तथा दुनिया की शांति के लिए खतरा है उसके विरुद्ध लड़ने में सक्षम बनाने में सहायता कर रहे हैं। राजदूत रोमर ने कहा, ''इस नई रणनीति को लागू करने के क्रम में अमेरिका और पाकिस्तान को आतंकवादियों को उनके कृत्यों की सजा देने और आतंकी नेटवर्क नष्ट करने के लिए मिलकर कार्य करना होगा।''

राष्ट्रपति ओबामा ने संकेत दिया है कि हालांकि अफगानिस्तान में हमारी सैनिक उपस्थिति असीमित नहीं है, इस क्षेत्र में हमारे स्थाई हित हैं और हम राजनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में लंबे समय तक कार्य करते रहेंगे।

राजदूत रोमर ने कहा, ''भारत, अमेरिका का वैश्विक साझीदार है और हम इस क्षेत्र में भारत की सकारात्मक भूमिका जारी रखने को महत्व देते हैं, जिसमें अफगानिस्तान को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता सम्मिलित है। हमारे देशों के समान लक्ष्य हैं-- दुनिया को वैश्विक आतंकवाद से मुक्त देखना जो कि हमारे लोगों के लिए प्रार्थना स्थलों, रहने, कार्य करने और पढ़ने की जगहों पर खतरा है। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मिलकर कार्य करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ हैं।''

***